# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांकः– बी0एड0(परीक्षा)/3563
दिनांकः–23.12.2020

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप विदित हैं कि कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण शासन के आदेशानुसार बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2018–20 के अन्तिम वर्ष की परीक्षायें आयोजित कराई गईं थी एंव बी0एड0(द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2019–21 प्रथम वर्ष के केवल परीक्षाफार्म भरवाकर उन्हे अगली कक्षा में प्रोन्नत किया गया है।

उपर्युक्त के सम्बंध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में महाविद्यालयों/संस्थानों के द्वारा बी0एड0 प्रथम वर्ष एंव अन्तिम वर्ष के परीक्षाफार्म प्राप्त कराये गये थे, बी0एड0–परीक्षा विभाग विभाग के द्वारा स्क्रूटनी करने पर ज्ञात हुआ है कि महाविद्यालयों/संस्थानों के द्वारा परीक्षाफार्मो में छात्रों के जरूरी पत्राजात जैसे **स्नातक/परास्नातक की अंकतालिका/माईग्रेशन सर्टीफिकेट/जाति प्रमाण–पत्र संलग्न नही किये गयें एंव परीक्षा शुल्क जमा नही करने वाले छात्र/छात्राओं की भी संख्या बहुत अधिक है** जो अत्यन्त खेद का विषय है।

अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क के सम्बंध में कुलसचिव कार्यालय द्वारा पूर्व में एक पत्र पी0ए0/2760 दिनांक 10.06.2020 जारी किया गया था जिसके अनुसार ऐसे छात्रों का परीक्षा परिणाम तब तक घोषित नही किया जायेगा जब तक इन छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा शुल्क छात्रवृत्ति अथवा स्वयं के माध्यम से जमा नही किया जाता है।

उक्त के संदर्भ में निदेशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय/संस्थान के ऐसे छात्र/छात्राओं जिनका परीक्षा परिणाम उक्त किसी कारण से रोका (Detained) है, तत्काल अपने महाविद्यालय/संस्थान के माध्यम से विश्वविद्यालय में सम्बंधित आवश्यक पत्राजात जमा करवाने का कष्ट करें ताकि ऐसे समस्त छात्र/छात्राओं के परीक्षाफल घोषित किये जा सकें।

उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

23/12/2020

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01 प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित समस्त महाविद्यालय/संस्थान सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ। इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से अपने महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों के आवश्यक पत्राजात शीघ्रातिशीघ्र विश्वविद्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।
02 सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
03 सचिव प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
04 संकायाध्यक्ष शिक्षा, चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
05 वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06 वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
07 विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
08 विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/ प्रभारी वैबसाईट, वेबसाइट

परीक्षा नियंत्रक